संक्षिप्त

मनरेगा का नाम बदलने का विरोध

भरतपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं पीसीसी राजस्थान के निर्देशानुसार देश में मोदीशाही सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम परिवर्तित करने के विरोध में जिला कलेक्ट्रेट भरतपुर के सामने जिले के समस्त जिला, पीसीसी, ब्लॉक, मंडल, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस, सेवादल तथा प्रकोष्ठों के पदाधिकारीयों ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा के नेतृत्व में धरना एवं विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलने एवं इस योजना का मूल स्वरूप नष्ट करने के विरोध में आज राजस्थान के समस्त जिला मुख्यालयों पर मोदीशाही सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन आयोजित किए गए। इसी के तहत भरतपुर जिला मुख्यालय पर सैकड़ो कार्यकर्ताओं की तादाद में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने मोदी सरकार पर पूर्व से ही देश में चल रही विकासोन्मुखी योजनाओं को नष्ट करने तथा मनरेगा में नियमों को ताक पर रखकर फेरबदल करने तथा नाम परिवर्तित करने के विरोध में कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए मोदी शाही सरकार की कड़ी आलोचना की एवं सामूहिक रूप से कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर मोदी सरकार मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने किया। कार्यक्रम में सतीश सोगरवाल, देशराज पहाडिया, प्रशांत उपाध्याय, श्री भगवान कटारा , दयाचंद पचौरी,जगदीश बंजी , दीपेंद्र वुरावई, संजीव सिंह, राजेश बाल्मीकि, मुकेश जाटव, अजयपाल दारापुरिया, भरत गादोली, नरेंद्र सेवादल,दाऊदयाल जोशी, टीकम टोनी, सुभाष कुंतल, शहीद खान, चंद्रकांत शर्मा, विजेंद्र चीमा, मुकेश टाइगर,मुस्ताक अहमद, सतपाल सरदार, राकेश पठानिया, निधी, कल्पेश,संगीता, दिनेश बघेल, पुष्पेंद्र करीली सहित सैकडों की तादाद में कार्यकर्ता मौजूद थे।

कथा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

फुलेरा। कस्बे के समीप ग्राम काचरोदा की ढाणी नागान इन दिनों किसी तीर्थधाम से कम नहीं दिखाई दे रही है। यहां आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के पांचवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से देर रात तक कथा स्थल भक्तों से खचाखच भरा रहा और पूरा वातावरण भक्ति, आस्था व अध्यात्म के रंग में रंगा नजर आया। वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास पंडित दिलखुश नागदा महाराज ने अपने ओजस्वी, भावप्रवण और रसपूर्ण प्रवचनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, माता यशोदा के वात्सल्य, नंद बाबा से गौ-चारण की अनुमति तथा गर्ग आचार्य द्वारा नामकरण संस्कार का जीवंत वर्णन किया। प्रसंग सुनकर कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं । कथा के दौरान मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चरित्र का भी मार्मिक वर्णन किया गया। अयोध्या से वनवास गमन, वनवास काल में अवध में दीपक-अगरबत्ती न जलाने की परंपरा तथा कार्तिक अमावस्या को भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने पर दीपावली पर्व की शुरुआत के प्रसंग पर पंडाल तालियों और जयकारों से गूंज उठा। पूरे वातावरण में जय श्रीराम और राधे-राधे के जयघोष गूंजते रहे।

भाजपा सरकार के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी का प्रदर्शन

टोंक। भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर करने तथा योजना से महात्मा गांधी के नाम को हटाने के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कार्यकारी अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी पार्क टोंक से पैदल मार्च निकालकर घंटाघर पर विरोध प्रदर्शन किया गया।

■ **कार्यकारी अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया**

इस मौके पर हरिप्रसाद बैरवा ने कहा कि मनरेगा गरीबों के लिए जीवन रेखा है, जिसे बीजेपी जानबूझकर इस कानून को खत्म कर रही है, ये गरीब गाँव वालों और खेत मजदूरों को अमीरों का गुलाम बनाना चाहते है।

इसी प्रकार कांग्रेस जिला पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ द्वारा अरावली बचाओ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया गया, जिसमें सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों ने हस्ताक्षर कर अभियान हेतु आगाज किया। इस अवसर पर हंसराज फागणा, कैलाशी देवी, मिर्जा इरशाद बेग, देवकरण गुर्जर, जिला सोशल मीडिया प्रभारी जर्रार खान, जयनारायण मीणा, किशन फागोदिया, शिवजीराम मीणा, महमूद शाह, अशोक महावर, धर्मेंद्र सालोदिया, बरकत हसीन, सीपी मेहता, मूलचंद बेरवा इम्तियाज खान, कमलेश चावला इत्यादि के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

टोंक में भाजपा सरकार की ओर से मनरेगा योजना से महात्मा गांधी के नाम को हटाने के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदर्शन किया

हिंदुओं के पलायन को लेकर मालपुरा में ग्रामीणों का प्रदर्शन

टोंक । जिले में एक बार फिर हिंदुओं के पलायन को लेकर मुद्दा गर्मा गया, मामला मालपुरा में हिंदू समाज के दूसरी जगह पलायन करने को लेकर सामने आया है। इस दौरान सोमवार को हिंदू समरसता मंच द्वारा मालपुरा में हो रहे हिंदुओं के पलायन का मुद्दा उठाते हुए बड़ी रैली निकली गई। जिसमें बहुत बड़ी संख्या में ग्रामीणों व महिलाओं ने भाग लिया, रैली में मालपुरा में हो रही सांप्रदायिक तनाव की घटनाओं और सुरक्षा के अभाव में हो रहे पलायन वाद के मुद्दे को लेकर जमकर आक्रोश देखने को मिला।

■ **हिन्दू समरसता मंच की ओर से पलायन का मुददा उठाते हुए बड़ी रैली निकाल कर प्रदर्शन किया**

मालपुरा में अब तक कई बार सांप्रदायिक तनाव और हिंदू समाज के पलायन वाद के मुद्दे को लेकर सियासी पारे में जमकर गर्माहट रही। इन घटनाओं को लेकर कई बार विरोध देखने को मिला। इसी प्रकार हिंदू समरसता मंच के बैनर तले सोमवार को एक बार फिर यह मुद्दा गरम हो गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में हिंदू समाज के युवा, महिलाएं और पुरुष ने रैली में हिस्सा लिया, जहां उनके हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां थी। इस दौरान लोगों ने मालपुरा में 'डिस्टर्ब एरिया प्रोडक्शन एक्ट' लागू किए जाने की मांग की, जिससे हिंदू समाज का पलायन वाद रोका जा सके।

यह रैली मालपुरा क्षैत्र के पुरानी तहसील से शुरू हुई नगर के मुख्य मार्गो से होकर कोर्ट परिसर तक पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने हिंदुओं के पलायन वाद को लेकर जमकर आक्रोश व्यक्त किया और नारेबाजी की। इस दौरान संवेदनशील एरिया मालपुरा में किसी प्रकार का तनाव न हो, इसको लेकर मालपुरा में जगह-जगह पुलिस जाप्ता तैनात रहा। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि मालपुरा से अब तक 800 से अधिक हिंदू परिवार पलायन कर चुके हैं। इसको लेकर कई बार यह खबरे सियासत और मीडिया की सुर्खियों में रह चुकी है, लेकिन अब तक मालपुरा में पलायन वाद पर रोक नहीं लग पाई है, इसके चलते अब मालपुरा में 'डिस्टर्ब एरिया प्रोडक्शन एक्ट' कानून लागू की जाने की मांग जोर पकड़ रही है। लोगों का मानना है कि इस कानून के लागू होने के बाद ही मालपुरा में स्थाई रूप से शांति बनेगी और हिंदू समाज का पलायन रुकेगा।

समस्याओं से लड़ने के लिए सांभरझील में बच्चों की प्रस्तुति ने मन मोहा

सांभरझील, (निसं)। आध्यात्मिक उन्नित के लिए मनुष्य के जीवन में कौन-कौन सी बालाएं मुख्य कारण होती है और उसका निवारण किस प्रकार संभव है इन तमाम बातों पर फोकस करते हुए अरडका (अजमेर) स्थित ध्यानस्थली पर विश्व ध्यान दिवस के मौके पर प्रस्तुतियां पेश कर बच्चों ने यथार्थता को उजागर करने का प्रयास किया। बताया गया कि एक बीज हर मौसम से लड़ता हुआ किस प्रकार एक वृक्ष का रूप बन जाता है। हमें भी इसी प्रकार आध्यात्मिक उन्नित के मार्ग में आने वाली उन तमाम बाधाओ से लड़ते हुए परमात्मा की अनुभूति तक पहुंचना होगा। इससे पहले सामूहिक रूप से गणेश वंदना की गई। प्रस्तुति की अगली कडी में राजा दशरथ-नारायण, व राम मेंढक के वृत्तांत की जीवंत प्रस्तुतियां दी। ध्यान स्थली परिसर में ही एग्जीबिशन लगाकर चित्रों के माध्यम से ध्यान से संबंधित विभिन्न जानकारी दी गई। बताया गया कि परमात्मा के सानिध्य के लिए समर्पण की भावना और प्रेम का हृदय में स्फुटित होना नितांत आवश्यक है। इस के बाद करीब शाम 6:30 बजे तक आध्यात्मिक गुरु श्री शिव कृपानंद स्वामी जी का लाइव प्रोग्राम को सैकड़ों साधकों ने अटेंड किया। आधा घंटा मेडिटेशन कराया गया तथा इसको जीवन में नियमित करने और नियमितता बनाए रखने के फायदों से अवगत कराया। ध्यान स्थली पर बच्चों व बालिकाओं ने भी बढ-चढकर हिस्सा लिया और अपने आप को ऊर्जावान बनाया।

■ **जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजनबीज से वृक्ष बनने तक के महत्व पर बच्चों ने दी प्रस्तुति**

विश्व ध्यान दिवस पर सांभरझील में बच्चों ने राजा दशरथ-नारायण की जीवंत प्रस्तुति दी।

युवक की हत्या के विरोध में प्रदर्शन

पावटा । बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की कथित तौर पर जिंदा जलाकर मार दिए जाने की घटना ने पूरे देश में आक्रोश की लहर पैदा कर दी है।

हिंदू युवक दीपू चंद्र दास को सरेआम जिंदा जलाकर हत्या किए जाने के इस अमानवीय और हृदयविदारक घटना के विरोध में विभिन्न हिंदू संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं व आम नागरिकों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया और बांग्लादेश प्रधानमंत्री यूनुस खान का पुतला दहन कर अपना रोष प्रकट किया। सोमवार को पावटा कस्बे के सुभाष चौक पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया और बांग्लादेश प्रधानमंत्री यूनुस खान का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो, दोषियों को फांसी दो जैसे नारे लगाए गए।

■ **हिंदू युवक दीपू चंद्र दास को सरेआम जिंदा जलाकर हत्या किए जाने के इस अमानवीय और हृदयविदारक घटना के विरोध में विभिन्न हिंदू संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं व आम नागरिकों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया**

वक्ताओं ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया जाना चाहिए और बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाकर दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाए।

विश्व हिंदू परिषद जिला सह मंत्री शिव कुमार एडवोकेट, आरएसएस मदन सैनी, बजरंग दल प्रखंड पावटा प्रागपुरा संयोजक पवन शर्मा सहित प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर लगातार हो रहे अत्याचार मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन हैं।

बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या ने पूरे समाज को झकझोर दिया है। यह घटना मानवता के खिलाफ है। दीपू दास की हत्या को उन्होंने बर्बरता की पराकाष्ठा बताते हुए कहा कि यह केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं, बल्कि मानवता पर हमला है। उन्होंने भारत सरकार से भी मांग की कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करे और बांग्लादेश में रह रहे हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो ऐसी घटनाएं और बढ़ सकती हैं। पुतला दहन के बाद प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, हालांकि लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल गर्म है और आमजन न्याय की मांग कर रहे हैं।

इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से बजरंग दल प्रखंड पावटा संयोजक पवन शर्मा, प्रखंड सह संयोजक उमेश कुमावत, नगर उपाध्यक्ष लालचंद, ओमप्रकाश मीणा, बंसीलाल, घनश्याम मेहरा, हेमंत, विनोद, कृष्ण, लीलाराम, संजय, लक्ष्मण, जयसिंह, अमन, मदन, नेमचंद, रौनक, नरेंद्र, राधे सहित बजरंग दल पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं सहित युवा व ग्रामीण मौजूद रहे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रही।

रथ यात्रा का ढोल थाली से भव्य स्वागत

पावटा(निसं)। राज्य सरकार के सफल दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 2 साल: नव उत्थान- नई पहचान, बढ़ता राजस्थान- हमारा राजस्थान कार्यक्रम के तहत विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में 13 दिसम्बर से संचालित विकास रथों को आमजन से अभूतपूर्व सराहना प्राप्त हो रही है। गांव-गांव पहुंच रहे इन विकास रथों का विभिन्न ग्राम पंचायतों व पालिका क्षेत्रों में पारंपरिक पूजा-अर्चना, ढोल-थाली व उत्साहपूर्ण वातावरण में भव्य स्वागत किया जा रहा है। विकास रथों के माध्यम से राज्य सरकार की गत दो वर्षों की उल्लेखनीय उपलब्धियों, जनकल्याण कारी योजनाओं, नवाचारों एवं विकास कार्यों को अत्याधुनिक एलईडी स्क्रीन पर आकर्षक वीडियो प्रस्तुतियों के जरिए प्रभावी रूप से प्रदर्शित किया जा रहा है। इन वीडियो प्रदर्शनों के माध्यम से आमजन को सरकार की योजनाओं की विस्तृत, सरल एवं रोचक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे वे योजनाओं के उद्देश्यों, लाभों एवं पात्रता से भली-भांति परिचित हो सकें। सोमवार को राजस्थान सरकार के सफलतापूर्वक दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सुशासन पखवाडा के अंतर्गत विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक कुलदीप धनकड ने विकास रथ के साथ पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र के लाडाकाबास, बड़नगर, भांकरी एवं जोधपुरा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आमजन से सीधा संवाद कर जनसुनवाई आयोजित की तथा विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा की। दौरे के दौरान अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल, बिजली सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने मौके पर ही समस्याओं का निस्तारण किया। विधायक कुलदीप धनकड ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार बढता राजस्थान - हमारा राजस्थान, नव उत्थान नई पहचान के संकल्प के साथ जनकल्याण और सुशासन की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के समग्र और सतत विकास के लिए सरकार एवं जनप्रतिनिधि पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। वही पावटा उपखंड अधिकारी साधना शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, रोजगार, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण विकास, पेयजल, सड़क एवं आधारभूत ढांचे से संबंधित योजनाओं की जानकारी दृश्य-श्रव्य माध्यम से दी जा रही है।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

विरोध प्रदर्शन : कोटपूतली । भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा योजना को कमजोर करने तथा इससे राष्ट्रिपता महात्मा गांधी का नाम हटाने के जन विरोधी फैसले के खिलाफ सोमवार को कोटपूतली-बहरोड जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय नगर परिषद कार्यालय के सामने धरना एवं विरोध प्रदर्शन किया।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रोपोसड एक्सपेंशन ऑफ एक्सिस्टिंग प्रोजेक्ट "जयपुर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, जो की खसरा नंबर 1009, 2972/1010, गाँव : कलवारा पास में महिंद्रा वर्ल्ड सिटी (SEZ) अजमेर रोड, तहसील सांगानेर ज़िला जयपुर राजस्थान में स्थित लोटस एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा प्रस्तावित है। इस पर भवन निर्माण की पर्यावरण स्वीकृति राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (SEIAA) से पत्र संख्या RJ/25/SEAC2(06)/INFRA2/EC/ 0929 दिनांक 18/12/2025 को प्रदान कर दी गई है एवं वेबसाइट https://parivesh.nic.in पर भी उपलब्ध है ।

वास्ते
लोटस एजुकेशनल सोसाइटी

प्रवेश सूचना

बी.बी.एम.एस. एनीमल हजबेन्ड्री कॉलेज A-10 नया रामगढ़ रोड, जयपुर-2 एनीमल हजबेन्ड्री डिप्लोमा प्रोग्राम (A.H.D.P.) में मैनेजमेंट सीट पर प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण जीव विज्ञान/कृषि विषय से प्रवेश के लिये आवेदन/सम्पर्क दि. 21.12.2025 तक कार्यालय समय प्रातः 9 बजे से 3 बजे तक संपर्क करें।
फोन : 8619105633

न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रमांक-1, हिण्डौन सिटी

C.M नं. 35/2025
नोटिस हर खास व आम
आवेदन अन्तर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम बावत जारी फरमाये जाने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजेश पुत्र राधेश्याम, उम्र 45 साल, जाति ब्राह्मण, निवासी ग्राम नादौती, तहसील नादौती, जिला करौली ने इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपने स्व. पिता श्री राधेश्याम शर्मा पुत्र जगनलाल शर्मा, निवासी ग्राम नादौती के बीमा बावत भारतीय जीवन बीमा निगम से मृतक राधेश्याम शर्मा द्वारा खरीदी गई बीमा पॉलिसी संख्या 193345706 की मिलने वाली राशि, लाभ-परिलाभ के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पेश किया है।

लिहाजा जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त प्रार्थना पत्र के स्वीकार करने में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी उपस्थिति इस न्यायालय में दि. 7.1.2026 को समय 10:30 बजे असालतन या वकालतन उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दे, वरना गुजरने म्याद उक्त दिनांक के बाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं प्रार्थना-पत्र एकतरफा में सुनकर फैसला कर दिया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 8.12.2025 को जारी किया गया।

आज्ञा से- रीडर
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
क्रमांक-1 हिण्डौन सिटी
मोहर

नाम परिवर्तन

मैंने मेरा नाम राहुल अग्रवाल से बदलकर राहुल राजेश अग्रवाल रख लिया है। भविष्य में मुझे राहुल राजेश अग्रवाल पुत्र श्री राजेश अग्रवाल रख लिया है। भविष्य में मुझे राहुल राजेश अग्रवाल पुत्र श्री राजेश अग्रवाल के नाम से जाना व पहचाना जावें। निवासी 2239 शिवाड बाकलीवाल की गली जैन मदिर के पास किशनपोल बाजार जयपुर राजस्थान-302002

मैंने अपने पुत्र का नाम ASHOK KUMAR BAGDIYA अशोक कुमार बगडिया से बदलकर ASHOK BAGARIYA अशोक बगडिया पुत्र हरलाल बगडिया रख लिया। भविष्य में इसे इसी नाम से जाना जाये। निवासी पुराँबडी पोस्ट पु राँडी सीकर राजस्थान-332021

मै JC698024P सूबेदार अनूप खरे निवासी एमएच जयपुर ने दिनांक 15.12.2025 को कार्यकारी मजिस्ट्रेट जयपुर (राजस्थान) के समक्ष दिए गए शपथ पत्र के अनुसार अपने सेवा दस्तावेज में अपनी माता का नाम राम बाई से बदलकर राम बाई खरे कर लिया है।

मैंने अपना नाम दिलीप कुमार अग्रवाल से बदलकर दिलीप अग्रवाल पुत्र श्री घनश्याम अग्रवाल रख लिया है भविष्य में मुझे दिलीप अग्रवाल नाम से जाना जावें। पता सी-703 भव्या ग्रीन लक्सुरिया, रामनगरिया, जगतपुरा, जयपुर

I have changed my name from Pooja Bansal to Pooja W/o Harish Kumar Agarwal R/o 31, Krishna Nagar, Vidyadhar Nagar, Jaipur For all purpose.

कार्यालय नगर परिषद शाहपुरा, जयपुर (राज.)
(पीपली स्टेण्ड के पास, शाहपुरा, जयपुर-303103)
Email Id-shahpura.Jaipur@gmail.com
क्रमांक-न.प.शा./भूमि/2025-26/4081 दिनांक-22.12.2025
विज्ञप्ति
श्री पप्पू लाल सोनी पुत्र श्री मदन लाल सोनी पता इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी, शाहपुरा, जयपुर 58.33 वर्गगज का जरिये Sale Deed Rule of Sale Certificate के आधार पर पट्टा नाम परिवर्तन करवाने के लिए इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है-
क्र.सं.-1, **आवेदक का नाम व पता**- श्री पप्पू लाल सोनी पुत्र श्री मदन लाल सोनी, इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी, शाहपुरा, जयपुर, **मूल आवंटी का नाम**- श्री मनोज कुमार शर्मा पुत्र श्री घासी राम शर्मा, **हस्तान्तरण की श्रेणी**- जरिये के Sale Deed Rule of Sale Certificate आधार पर, **क्षेत्रफल (वर्गगज)**-5833
अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/फर्म/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में लिखित रूप से अन्दर अवधि 07 दिवस में प्रस्तुत कर दें। बाद गुजरने मयाद किसी की भी कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।
आयुक्त, नगर परिषद शाहपुरा, जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांक: F-JDA/Zone 14/2025/D-139 **आम सूचना**
आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 270608 दिनांक 08/12/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Name Transfer जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

क्र. सं.	आवेदक का नाम	मूल आवंटी/लीजधारक का नाम	भूखण्ड संख्या	भूखण्ड क्षेत्रफल	ग.नि.स. सं./निजी खातेदारी/जयपुर योजना	योजना का नाम	सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया	कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज
1.	Bhagwan Sahay Choudhary S/o Raghunath Sahay Choudhary	श्रीमती पनवा देवी चौधरान एवं श्री रामजीलाल, हरगोबरा, मोतीराम, हनुमान सहाय पुत्र श्री चौधरीगण	14/OC /61	1250 SQ. meter	Sector/ Block-OC	Ring Road Project (ZONE -14) JDA	Name Transfer	जरी कॉर्डड, सर्टिफ़ एवम, पंजीकृत विक्रय पत्र, पंजीकृत मुख्यपत्र अंश, पहचान पत्र, आदि।

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो वह सक्षम के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

कार्यालय उपायुक्त (विद्याधर जोन), नगर निगम जयपुर
(अग्रवाणी सर्किल, अग्रवाणी, जयपुर)
क्रमांक- एफ-55 ()वि.जोन/ज.न.नि./2025/3394 दिनांक: 20.12.2025
सार्वजनिक सूचना:
भूखंड सं. 56, स्कीम नं. 11 झोटवाड़ा, जयपुर (नेशनल गृह. नि. स. स.) का श्रीमती प्रेम कँवर पत्नि श्री ओम प्रकाश सिंह को दिनांक 19.04.2002, क्षेत्रफल: 200 वर्गगज भूमि का लीज डीड पट्टा जारी किया गया था। प्रकरण में मूल आवंटी द्वारा रजि. उपहार पत्र के आधार पर दिनांक 24.01.2022 को भूखंड श्री रघुवीर सिंह शेखावत एवं श्री रविन्द्र सिंह शेखावत पुत्रान ओमप्रकाश सिंह के पक्ष में कर दिया। तत्पश्चात श्री रघुवीर सिंह शेखावत एवं श्री रविन्द्र सिंह शेखावत पुत्रान ओमप्रकाश सिंह ने रजि. विक्रय पत्र के आधार पर भूखंड सं. 56 (नार्थ पार्ट) स्कीम नं. 11, झोटवाड़ा जयपुर, क्षेत्रफल 100 वर्गगज, श्री लाला राम कुमावत पुत्र श्री बिटदा राम को बेचान कर दिया। आवेदक श्री लाला राम कुमावत पुत्र श्री बिटदा राम द्वारा भूखंड सं. 56 (नार्थ पार्ट) स्कीम नं. 11, झोटवाड़ा, जयपुर क्षेत्रफल 100 वर्गगज का उपविभाजन अपने पक्ष में किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। इस बावत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कंपनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार उपविभाजन की कार्यवाही संपादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त: विद्याधर जोन, नगर निगम जयपुर

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)
न्यायालय अपर जिला एवं सैंशन न्यायाधीश क्रम 6 जयपुर महानगर प्रथम
अफरोज बानो बनाम अहमद रजा व अन्य
प्रार्थना पत्र अन्तिम डिक्री
प्रार्थना-पत्र संख्या - 49सन् 2019
बनाम- 1. अहमद रजा पुत्र श्री मोहम्मद रजा निवासी मकान नम्बर 574 सेक्टर बी, मालवीय नगर जयपुर (दौराने दावा मृतक), 1/1-अनिशा बेवा श्री अहमद रजा, हाल किरायेदार केयर ऑफ श्री एन.पी. शर्मा सी-66, रामनगर, आदर्श मंदिर के सामने, शास्त्रीनगर, जयपुर, 1/2-फरीद पुत्र श्री अहमद रजा हाल किरायेदार केयर ऑफ श्री एन.पी. शर्मा सी-66, रामनगर, आदर्श मंदिर के सामने, शास्त्रीनगर, जयपुर, 1/3-शकीला बानो पुत्री श्री अहमद रजा पत्नी श्री अहमद खान निवासी मकान नम्बर 1152 लुहारो का खुर्रा, चौकडी तोपखाना हुजूरी जयपुर, 1/4-सुरैया बानो पुत्री श्री अहमद रजा पत्नि श्री अब्दुल हकीम निवासी मकान नम्बर 1901, बालाजी की कोठी का रास्ता, घाटगेट जयपुर, 1/5-अनिस रजा पुत्र श्री अहमद रजा निवासी 1152 लुहारो का खुर्रा, चौकडी तोपखाना हुजूरी जयपुर, 1/6-प्रवीण पुत्री अहमद रजा पत्नी नासीर खान निवासी 556, रामनगर शास्त्रीनगर जयपुर, 1/7-नसरीन पत्नी श्री जाकिर निवासी मकान नम्बर 855, नाल बंधुआं का मौहल्ला चौकडी गंगापाल जयपुर, 2-वाहिद रजा पुत्र श्री मोहम्मद रजा निवासी नजदीक इलाहरोही शालीमार के पीछे, लॉटरी क्लब क सामने, जयपुर, 3-साबिर रजा पुत्र श्री मोहम्मद रजा निवासी नजदीक दरगाह फूलशाह बाबा, चीनी की बुर्ज चौकडी सरहद जयपुर, 4-जाहिद रजा पुत्र श्री मोहम्मद रजा निवासी मकान नम्बर 1152 रास्ता कुमरान मौहल्ला ताशेवालान खुर्रा लुहारान चौकडी तोपखाना हजूरी जयपुर, 5- शकीला बानो पत्नी श्री आबिद खा जाति मुसलमान निवासी 1152 लुहारो का खुर्रा, चौकडी तोपखाना हुजूरी जयपुर, 6- श्री दुरदाना परवीन पत्नी श्री अब्दुल जावद खान जाति मुसलमान निवासी कप्तान हाउस, बिसायतियो का रास्ता, रामगंज बाजार, चौकडी घाटगेट जयपुर, 7- श्रीमती शाहजहा पत्नी श्री सलीमुद्दीन जाति मुसलमान निवासी मकान नम्बर 643 अशोक क्लनिक के सामने, मौहल्ला बिसायतियान रामगंज बाजार, चौकडी घाटगेट जयपुर।
उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में इन्तिम डिक्री हेतु आवेदन किया है।
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 08 माह 01 सन् 2026 को पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश को सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज दिनांक 20 माह 12 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर अदालत
आज्ञा से-रीडर ग्रेड प्रथम
अपर जिला एवं सैंशन न्यायाधीश
क्रम-06, जयपुर महानगर प्रथम

कार्यालय उपायुक्त, आदर्श नगर जोन, नगर निगम, जयपुर
(जवाहर नगर सेक्टर नं. 4, एम.पी.एस. स्कूल के पास) दिनांक: 18.12.2025
क्रमांक: एफ-54/ () Dy Comm./A.N.Z./ कच्ची बस्ती शाखा/2025/830
सार्वजनिक सूचना मूल भूखण्ड संख्या बी-134 आनंदपुरी का नगर निगम जयपुर द्वारा श्री गुलाब चन्द शर्मा के नाम से क्षेत्रफल 360.00 वर्गगज का कच्ची बस्ती का पट्टा जारी किया गया था। आवेदक द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र, अण्डर्टेकिंग व अन्य दस्तावेजो के आधार पर उक्त भूखण्ड का नगर निगम जयपुर आदर्श नगर जोन द्वारा श्री राजीव मेहता पुत्र श्री भोपाल सिंह मेहता व सोनल मेहता पत्नि श्री राजीव मेहता के पक्ष में क्षेत्रफल 360.00 वर्गगज का नाम हस्तांतरण पत्र जारी किया जाना है। इस नाम हस्तांतरण पत्र जारी किये जाने बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, आदर्श नगर